<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**27 अगस्त** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- नेपाल में आई बाढ़ से हुई जनहानि और तबाही को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह से टेलीफोन पर की बात। कहा– भारत नेपाल को हर संभव मानवीय सहायता देने के लिए तैयार।
- पड़ोसी देश नेपाल की बाढ़ को देखते हुए प्रदेश के महराजगंज और कुशीनगर जिले में बढ़ाई गई सतर्कता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्थानीय प्रशासन को सभी जरूरी तैयारियां सुनिश्चित करने के दिए निर्देश।
- मुख्यमंत्री ने लखनऊ से लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा का किया शुभारंभ। साठ वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में मिलेगी निशुल्क यात्रा की सुविधा।
- उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने जारी किए शिक्षक पात्रता परीक्षा–यूपीटीईटी के परीक्षा परिणाम।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल में आई बाढ़ से हुई जनहानि और तबाही पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह से टेलीफोन पर बातचीत में कहा कि भारत नेपाल को हर संभव मानवीय सहायता देने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बचाव और राहत कार्यों के लिए दोनों देशों की टीमें आपस में मिलकर काम कर रही हैं। एक रिपोर्ट–

***नेपाल–तिब्बत सीमा के भोटेकोशी नदी में कल सुबह आई अचानक बाढ़ से अंतिम समाचार मिलने तक एक सौ पांच भारतीयों और सैंतीस प्रवासी भारतीयों सहित करीब पांच सौ लोग लापता हैं। इनमें से अधिकांश भारतीय तिब्बत में कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए जा रहे थे। पर्यटकों और उनके परिजनों की सहायता के लिए नेपाल पर्यटन बोर्ड ने टोल–फ्री नंबर एक दो तीन चार, हेल्पलाइन एक एक चार चार और टूरिस्ट पुलिस नंबर नौ आठ पांच एक दो आठ नौ चार चार पांच जारी किए हैं। समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक।***

इस बीच, नेपाल में आई बाढ़ को देखते हुए प्रदेश के सीमावर्ती जिलों महाराजगंज और कुशीनगर में सतर्कता बढ़ा दी गई है। बाढ़ के कारण दोनों जिलों में गंडक और नारायणी नदियों का जल स्तर बढ़ने की आशंका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ से हुई तबाही पर चिंता व्यक्त करते हुए महाराजगंज और कुशीनगर के स्थानीय प्रशासन को सभी जरूरी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के करीब एक सौ पचास स्थानों सहित देश भर में पन्द्रह सौ जगहों पर खेलो इंडिया संवाद के तहत युवाओं को संबोधित करेंगे। एक रिपोर्ट–

***राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 समारोह के अंतर्गत मेरा युवा भारत– माय भारत द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम देशभर में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रत्येक जिले के दो कॉलेजों में युवाओं की भागीदारी के साथ आयोजित किया जाएगा। यह खेल, युवा नेतृत्व, नागरिक जिम्मेदारी, स्वयंसेवा, फिटनेस और राष्ट्र निर्माण को एक साझा मंच प्रदान करेगा। इससे युवाओं को देश की खेल संबंधी महत्वाकांक्षाओं से सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि उनके विचार और दृष्टिकोण भारत के युवा और खेल पारिस्थितिकी तंत्र पर चल रही चर्चा का हिस्सा बनें। मेरा युवा भारत के राज्य निदेषक गोपेश पाण्डेय ने बताया कि राजधानी लखनऊ में यह आयोजन सात विभिन्न स्थानों पर होगा। समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।***

**********

भारतीय चिकित्सा संघ–आईएमए ने इन्फ्लूएंजा ए–एचवन एनवन के बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया है। आईएमए ने कहा कि अधिकतर संक्रमण हल्के होते हैं और अपने आप ठीक हो जाते हैं, इसलिए घबराने की कोई बात नहीं है। चिकित्सा संघ ने लोगों को फ्लू के लक्षणों के लिए डॉक्टर की सलाह के बिना एंटीबायोटिक नहीं लेने को कहा। इस बीच, देश के कई हिस्सों में इन्फ्लूएंजा ए–एचवन एनवन के बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। अस्पताल प्रशासन ने फ्लू जैसे लक्षण वाले मरीजों की समय पर पहचान, आवश्यक जांच और उपचार के साथ गंभीर मरीजों के प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा शुरू कर दी है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ से लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा का शुभारंभ करते हुए विशेष बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया। योजना के अनुसार प्रदेश की साठ वर्ष और उससे अधिक उम्र की मातृशक्ति को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पहली बार आधी आबादी को शासन की योजना से जोड़ने के लिए एक व्यापक कार्य योजना बनाई गई।

***वह सभी स्कीम है, जिसमें बेटी के जन्म से लेकर के उसकी शिक्षा तक, उसके रोजगार तक, उसकी उद्यमिता तक और जीवन के हर पड़ाव पर सुरक्षा, नारी की सम्मान और नारी के स्वावलंबन  की गारंटी यानी हमारी हर योजना, सरकार का हर निर्णय, सरकार का हर बजट इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति करने के लिए समर्पित है।***

मुख्यमंत्री के लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का प्रदेश के विभिन्न जिलों में सजीव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन पर्व पर महिलाओं को उपलब्ध करायी गयी, निःशुल्क बस सेवा के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम और सिटी बसों में उन्नतीस अगस्त की मध्य रात्रि तक महिलाओं को निःशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान निगम की बसों में महिला यात्री एक सहयोगी के साथ निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी।

**********

रक्षाबंधन पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल ने चंडीगढ़–लखनऊ और दिल्ली–वाराणसी रूट पर विशेष ट्रेन चलाने का फैसला किया है। रेलवे प्रशासन के अनुसार चंडीगढ़–लखनऊ–चंडीगढ़ आरक्षित स्पेशल ट्रेन आज रात सात बज कर चालीस मिनट पर चंडीगढ़ से रवाना होकर कल साढ़े नौ बजे लखनऊ पहुंचेगी। वहीं दिल्ली–वाराणसी–दिल्ली स्पेशल ट्रेन आज रात आठ बजकर दस मिनट पर दिल्ली से चलकर कल सुबह साढ़े छह बजे लखनऊ और ग्यारह बजकर पैंतालीस मिनट पर वाराणसी पहुंचेगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर पूर्वी उत्तर प्रदेश के इक्कीस और बुंदेलखंड के सात जिलों में कृषि उत्पादकता और अन्नदाताओं की आय बढ़ाने के लिए आयोजित समझौता ज्ञापन–एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये समझौता ज्ञापन अन्नदाता किसानों की आय बढ़ाने, कृषि उत्पादकता को सुदृढ़ करने और प्रदेश के कृ षि भविष्य को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

***मुझे प्रसन्नता है कि यूपी एग्रीज सफलतापूर्वक जमीनी धरातल पर प्रधानमंत्री मोदी जी के विजन को ध्यान में रखते हुए वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष के विजन के अनुरूप यूपी के अंदर जमीनी धरातल पर कार्य करते हुए दिखाई दे रहा है। ये चार एमओयूज  उसी कड़ी को एक मजबूत तरीके से आगे बढ़ाने के क्रम में आगे बढ़ाया गया है। और मेरा मानना है कि यहाँ पर जो ये चार एमओयूज हुए हैं–वोकलैंड, नेटवर्क फॉर ह्यूमैनिटी के साथ,आईटीसी के साथ, और एक्वाब्रिज के साथ–ये केवल एक एमओयू नहीं हैं, ये हमारे अन्नदाता किसानों की आय को बढ़ाने, एग्रीकल्चर की प्रॉडक्टिविटी को आगे बढ़ाने, और यूपी की कृषि के भविष्य को एक नई दिशा देने का यह हम सब का एक संकल्प भी है।***

**********

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने शिक्षक पात्रता परीक्षा–यूपीटीईटी के परिणाम कल जारी कर दिए। आयोग की वेबसाइट पर परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए आयोग की ओर से बताया गया है कि प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर की परीक्षा में शामिल करीब तेरह लाख से अधिक अभ्यर्थी सफल हुए हैं। परीक्षा परिणाम आयोग की वेबसाइट यूपीईएसएससी डॉट यूपी डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है।

**********

आकाशवाणी समाचार के पूर्व समाचार वाचक पंचदेव पांडेय का कल गाजियाबाद के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह करीब नवासी वर्ष के थे। उन्होंने वर्ष उन्नीस सौ तिरसठ में आकाशवाणी वाराणसी से उद्घोषक के रूप में अपने सफर की शुरूआत की। उन्होंने उन्नीस सौ तिरासी से उन्नीस सौ सत्तानवे तक आकाशवाणी दिल्ली में समाचार वाचक के रूप में अपनी सेवाएं दीं।

**********

प्रदेश भर में रुक–रुक कर मध्यम से तेज बारिश का सिलसिला कल भी जारी रहा। मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आज के लिये भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार दो दिनों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी कई स्थानों पर गरज–चमक के साथ भारी बारिश की संभावना है।

**********